हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

11 भाठागांव संग्रहण केन्द्र में स्टेक नहीं, एनएच पर 9 दिन से खड़े हैं...

12 सिर के नीचे टिकाया राइफल और दबा दिया ट्रिगर

रामू का काफिला विंध्यवासिनी मंदिर से निकला तो विजय दल-बल के साथ घड़ी चौक से पहुंचे

नामांकन रैली में भाजपा-कांग्रेस ने दिखाई ताकत

- भाजपा-कांग्रेस के सभी 40 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं की भीड़ से सदर बाजार रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नामांकन के आखिरी दिन महापौर के भाजपा प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा और कांग्रेस प्रत्याशी विजय गोलछा ने सुबह नामांकन दाखिल करने के बाद शहर में रैली निकाली जिसमें सभी 40 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी सहित करीब 10 हजार कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली ऐसी रही कि घड़ी चौक से रामबाग तक दो घंटे तक रोड जाम रहा। पुलिस ने सभी वाहनों को चौक चौराहों से डायवर्ट कर रोड खाली किया। आने जाने वालों को दो घंटे तक परेशान होना पड़ा। काफिले में कार, आटो रिक्शा भी शामिल थे जिससे भीड़ गई।

सुबह 11 बजे महापौर के भाजपा प्रत्याशी रामू रोहरा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ निगम दफ्तार पहुंचे जहां नामांकन दाखिला के बाद सीधे विंध्यवासिनी मंदिर गए। मंदिर में माता के दर्शन पश्चात नामांकन रैली में शामिल हुए। इससे पूर्व सभी 40 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी और कार्यकर्ता विंध्यवासिनी मंदिर के पास इकट्ठा हुए। श्री रोहरा के पहुंचने के बाद आतिशबाजी व बस्तरिहा नृत्य के बीच नामांकन रैली शुरु हुई। दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुई रैली 2.30 बजे निगम कार्यालय पहुंची। रैली में सभी कार्यकर्ता पार्टी का झंडा और बैनर लेकर खूब नारे लगाए। 40 वार्डों के कार्यकर्ताओं से 500 मीटर तक लंबा काफिला बन गया। कार्यकर्ता कंधे और गले में कमल निशान वाले गमछे रखे थे। रास्तेभर आतिशबाजी हुई। श्री रोहरा खुली जीप में सवार होकर आम जनता का हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहे थे।

श्री रोहरा के साथ कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, रंजना साहू, प्रकाश बैस, निर्मल बरड़िया, प्रीतेश गांधी, हेमराज सोनी, राजेंद्र शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, विजय ठाकुर, राजीव पांडे, महेश रोहरा, पार्वती वाधवानी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इधर कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा सुबह नामांकन दाखिल करने के बाद घड़ी चौक स्थित मजार से नामांकन रैली में शामिल हुए। उनके साथ भी सभी वार्डों से आए कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज रही। सभी ने कांग्रेस पार्टी का झंडा लेकर खूब नारे लगाए। नामांकन रैली घड़ी चौक से प्रारंभ होकर गोलबाजार, मठ मंदिर, चमेली चौक, कचहरी चौक होते हुए निगम दफ्तर पहुंची। जहां श्री गोलछा ने दोबारा नामांकन दाखिल किया। रैली में श्री गोलछा और सभी कार्यकर्ता पैदल ही रहे। पैदल चलकर दुकानों और घरों में पहुंचकर लोगों का अभिवादन किया। रास्ते भर आतिशबाजी और फूलों की वर्षा की गई।

श्री गोलछा के साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, गोपाल शर्मा, विजय देवांगन, मदनमोहन खंडेलवाल, कविता बाबर, आकाश गोलछा, राजेश ठाकुर, आनंद पवार, हरमिंदर छाबड़ा सहित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं वार्ड पार्षद प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं के साथ रैली में शामिल हुए।

रैली के माध्यम से कांग्रेस भाजपा ने अपनी ताकत दिखाई। दोनों पार्टी की रैली में काफी भीड़ रही। अनुमान के मुताबिक सदरबाजार में दोनों ओर से 10 हजार कार्यकर्ताओं व जनता की भीड़ रही। पुलिस को व्यवस्था संभालने में पसीना बहाना पड़ा। दो घंटे तक घड़ी चौक से रामबाग तक रोड ब्लाक था। आवागमन करने वालों को गली मोहल्लों से होकर जाना पड़ा। स्कूली बच्चे, मरीज, व्यवसायियों को दो घंटा इंतजार करना पड़ा। रैली के बाद भी यातायात बहाल होने में एक घंटा का समय लगा। मार्ग में पटाखे, फूल, पानी पाउच, सजावटी वस्तुओं के कचरे बिखरे रहे।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार

1 तोला, 5 नग
सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार

1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार

2 नग
रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार

3 नग
LED TV

सांत्वना पुरस्कार

1100

नियम व शर्तें :
1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
नियम व शर्तें लागू*

खबर संक्षेप

पंचायती राज के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

धमतरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रथम चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गई है। सोमवार को धमतरी जनपद पंचायत सदस्य के लिए 9 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा है। पंचायत चुनाव तीन चरणों में होगा। पहले चरण में धमतरी और मगरलोड का चुनाव होना है। इसके लिए नामांकन फार्म खरीदने और जमा करने की कार्रवाई शुरु हो गई है। जनपद से नामांकन फार्म जमा तथा खरीदने के लिए अलग कक्ष बनाया गया है। 25 सदस्यीय वाले धमतरी जनपद में सोमवार को क्षेत्र क्र. 15 से 3 नामांकन फार्म खरीदा गया है। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 6 से 2, क्षेत्र क्रमांक 22 से 2, क्षेत्र क्रमांक 21 से 1, क्षेत्र क्रमांक 18 से 1 अभ्यर्थी ने नामांकन खरीदा है। प्रथम चरण का चुनाव 17 फरवरी को होगा।

- प्रथम चरण के लिए 9 नामांकन फार्म बिके

निधन

डॉ. इंदरचंद जैन

धमतरी। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक इंदरचंद जैन पुत्र स्व. मोतीलाल लुंकड़ का 27 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान सदर बाजार से निकली। वे नेमीचंद लुंकड़ के ज्येष्ठ भ्राता थे।



छाया साहू

मगरलोड। ग्राम सरगी निवासी छाया साहू 21 वर्ष का 27 जनवरी सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे तहसील साहू समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवनारायण साहू की पुत्री थी। अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार
धमतरी जिला-धमतरी
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ..... वर्ष 2025
ग्राम तेलिनसत्ती प.ह.नं. .....
तह. व जिला-धमतरी

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक डिगेश्वर सिन्हा पिता कुलेश्वर सिन्हा निवासी ग्राम तेलिनसत्ती तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के दादा भोजराम सिन्हा पिता गगन सिन्हा की मृत्यु दिनांक 20/04/2021 को अपने निवास स्थान ग्राम तेलिनसत्ती तह. व जिला-धमतरी में होना बताया है आवेदक ने उक्त संबंध में आवेदन पेश किया है, अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को अपना आपत्ति/उजर दावा पेश करना हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04/02/2025 तक पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी कविता यादव सहित 15 पार्षदों ने भरा नामांकन

भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन कर किया नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुण्डी में भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी कविता भवानी यादव सहित 15 पार्षदों ने 27 जनवरी सोमवार को नामांकन फॉर्म भरा। सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय से पैदल रवाना होकर राधाकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर मुख्य मार्ग से होते हुये बाजे-गाजे के साथ तहसील कार्यालय मगरलोड पहुंचकर नामांकन भरा। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, जमकर आतिशबाजी भी की। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रत्याशी कविता भवानी यादव सहित वार्ड 1 प्रत्याशी यशोदा साहू, वार्ड 2 प्रत्याशी नरेश अग्रवाल, वार्ड 3 प्रत्याशी यादराम गायकवाड़, वार्ड 4 प्रत्याशी पूजा साहू, वार्ड 5 प्रत्याशी प्रमोद साहू, वार्ड 6 प्रत्याशी विमल ध्रुव, वार्ड 7 प्रत्याशी कुमोदनी साहू, वार्ड 8 प्रत्याशी तीरथ साहू, वार्ड 9 प्रत्याशी वीरेन्द्र साहू, वार्ड 10 प्रत्याशी होमेश्वरी सिन्हा, वार्ड 11 प्रत्याशी दीपचंद साहू, वार्ड 12 प्रत्याशी प्रभुराम साहू, वार्ड 13 प्रत्याशी झमित सिन्हा, वार्ड 14 प्रत्याशी बिराजोबाई साहू, वार्ड 15 प्रत्याशी तुलेश्वर ठाकुर ने नामांकन फार्म भरा।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष मोहन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु, जिला युवा मोर्चा महामंत्री चेतन साहू, महामंत्री एवन साहू, रामायण सिन्हा, शत्रुघ्न साहू, मुरली सिन्हा, देवराज देवांगन, चंदू निषाद, घनश्याम साहू, पवन निषाद, शिवा सेन सहित बड़ी सख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नामांकन रैली में कांग्रेस ने दिखाई ताकत

- विधायक ओंकार साहू की उपस्थिति में अध्यक्ष व 15 पार्षद प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

नगरीय निकाय चुनाव के आखिरी दिन आमदी नगर पंचायत में कांग्रेस नेता प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। प्रत्याशी सुबह 11 बजे शीतला मंदिर के पास पहुंचे, जहां से दोपहर 12 नामांकन रैली निकालकर नगर पंचायत कार्यलय पहुंचकर नामांकन भरा। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि नगर पंचायत आमदी में श्रीमती सुनीता साहू के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनेगी। आमदी का चौगुना विकास व जनता को दोहरा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस संकल्प के साथ हमने गढ़बो नवा आमदी की प्रतिबद्धता पूर्वक स्मरणीय सोच रखी है। उसी लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए जनहित के कार्यों को आमदी नगर पंचायत में चौगुनी गति देने लिए कार्य करेंगे। नामांकन रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

युवाओं को मिलेगा साग-सब्जी उगाने का प्रशिक्षण

धमतरी। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को व्यावसायिक रूप से साग-सब्जी उगाने और उनकी नर्सरी तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दस दिवसीय इस प्रशिक्षण के लिए बड़ौदा आरसेटी द्वारा 3 फरवरी तक आवेदन मंगाए गए हैं। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को सब्जी उत्पादन के लिए जरूरी बीज, सब्जियों की वैरायटी, उनमें होने वाली बीमारियों और कीटों से बचाव के तरीके, ऑर्गेनिक फार्मिंग, क्यारी निर्माण, खेत तैयार करने जैसी तकनीकी जानकारियां दी जाएंगी। वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट और कल्टीवेशन की आधुनिक तकनीकों से भी प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया जाएगा।

पीएचसी चटौद के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

कुरुद ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य के लिए गणतंत्र दिवस पर बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर ने संजय साहू प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि संजय साहू और उनके स्टॉफ के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद को वर्ष 2016 में कायाकल्प योजना में पुरस्कार मिला था। वर्ष 2020-21 ऑनलाइन तथा 2022-23 फिजिकल रूप से असिस्मेंट कराकर एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त करना, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के कायाकल्प योजना में भाग लेकर कार्य किया। विकासखंड में संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में कायाकल्प एवं एनक्यूएएस के क्रियान्वयन हेतु बेहतर वातावरण बनाना, उसे प्रशिक्षण प्रदान करना, रिकार्ड संधारण में सहयोग करते हुए विकासखंड में नोडल की भूमिका निभाई थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद के अधिकारी, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हर्ष जताया है।

ब्लाक के 17 लईका घर में लहराया तिरंगा

नगरी। विकासखंड के 17 लईका घर में गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण किया गया। मोबाइल क्रैचेस संस्था व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा विकासखंड में 40 लईका घर संचालित हैं। लईका घर कल्लेमेटा, गजकन्हार, हरदीभाठा, डोंगरडुला, रतावा, फरसियां, खम्हरिया, गोरेगांव, मौहाबाहरा 1 व 2, छिंदीटोला, देवपुर, हिंछापुर, नवागांव, भैंसामुड़ा, संबलपुर, दिनकरपुर में लईका घर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, ग्राम प्रमुखों ने झंडारोहण कर झंडा को सलामी दी। लईका घर नवागांव में एपीएफ से कविता उपस्थित थीं। मोबाइल क्रैचेस कार्यालय डीहीपारा नगरी में भी ध्वजारोहण हुआ। मौके पर प्रमुख रूप से संतोषी साहू, मुकेश वर्मा, सयोज पटेल, सोनिका देवांगन, शत्रुपा कडियाम, दीपक गोस्वामी, धनंजय साहू, मंजुलता साहू, ऋतुराज साहू, दिव्यम व सुप्रिया उपस्थित थे।

गैलेक्सी स्कूल में राष्ट्रीय पर्व मनाया गया

सिरीं। गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारी में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा गीत, कविता भाषण की प्रस्तुति भी दी गई। उन्होंने खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूरनलाल साहू एवं संस्था के संचालक राजेश साहू ने संविधान की महत्ता को बताया। संविधान की रक्षा के कर्तव्य पथ का बोध भी कराया। कार्यक्रम में प्राचार्य हेमचंद साहू, शिक्षकगण दिलीप, नानक साहू, अनिल साहू, महेश गढ़ेवाल, घनश्याम, पारसमणि पाल, चैतन्य, जावेंद्र, नरेंद्र, योगेश छत्रपाल सहित शिक्षिका केवंरा साहू, धारिणी, रेखा निषाद, जानकी, देविका जागेश्वरी, लीलिमा, हेमलता, शशिबाला, छात्रसंघ अध्यक्ष गरिमा सोनकर, उपाध्यक्ष घनश्याम देवांगन, सांस्कृतिक प्रभारी चिलेश्वरी साहू, अनुशासन प्रभारी, दीपक साहू, कीड़ा प्रभारी सौरभ पाल, भृत्य अमोली यादव, गीता का विशेष सहयोग रहा।

आमदी कॉलेज में शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ

आमदी(धमतरी)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी डीगेश्वर अटल ने शैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को स्थानीय निकाय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान तथा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलवाई। सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि हमें निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कूड़ा-करकट, पालीथिन, डिस्पोजल आदि को इकट्ठा करके उसका निस्तारण किया। प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर यूथ रेडक्रास सोसाइटी प्रभारी अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक तेजल यादव, युगेश्वर साहू, गोपाल देवांगन, हेमेन्द साहू, मन्नूलाल साहू समेत स्वयंसेवक केश कुमार, दिव्या पटेल, टाकेंद्र, डुमेश्वरी, तोषण, उमेश्वरी, देवकुमारी, कुणाल, संदीप उपस्थित थे।

राजपुर में गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण

- भारत माता के छायाचित्र की हुई पूजा, बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम राजपुर में 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। चौक-चौराहों में शान से तिरंगा फहराया गया। शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला प्रांगण में प्रधानपाठक बीएल अग्निवंशी व वरिष्ठ शिक्षक विष्णुराम साहू ने झंडा फहराया। पंचायत भवन में सरपंच, नवाडीह स्कूल में शाला विकास समिति अध्यक्ष, तिरंगा चौक में वरिष्ठ शिक्षक बिष्णुराम साहू, टिकरापारा चौक में बढ़ाईपारा में शान से तिरंगा झंडा फहराया। बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। जगह-जगह भारत माता के छायाचित्र की पूजा हुई। गणतंत्र दिवस के पूर्व 25 जनवरी को छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने देश भक्ति गीत,कविता भाषण, छत्तीसगढ़ी गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राथमिक प्रपा बीएल अग्निवंशी, वरिष्ठ शिक्षक विष्णुराम साहू, नवाडीह प्राथमिक प्रपा मोहनलाल साहू, शिक्षक प्रमोद डड़सेना, सियाराम साहू, कैलाश ध्रुव, शिक्षिका माहेश्वरी सिन्हा, हेमपुष्पा साहू, कोटवार रमेश गंधर्व, रसोईया मिलन कंवर, रूपा यादव, रमला साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

शैक्षणिक नवाचार के लिए बेलौदी प्राचार्य हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

जिला प्रशासन ने एकलव्य खेल मैदान में आयोजित 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में शाउमावि बेलौदी के प्रभारी प्राचार्य अशोक पटेल को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर और कलेक्टर नम्रता गांधी ने श्री पटेल को शासन की विभिन्न योजनाओं के साथ शैक्षणिक नवाचार करते हुए बाल साहित्य सृजन करा बच्चों को प्रेरित करने और शैक्षिक बाल मेला का आयोजन करने और इसे अपने विद्यालय तथा अधीनस्थ संकुल शालाओं में बेहतर क्रियान्वयन करने तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में गतिविधियों के सक्रिय प्रचार-प्रसार के लिए उत्कृष्ट कर्मचारी के रूप में सम्मानित किया। श्री पटेल के सम्मानित होने पर डीईओ टीआर जगदल्ले, सहायक संचालक एलडी चौधरी, डीएमसी भुवनलाल जैन, एडीपीओडी के सूर्यवंशी, एपीसी एनके साहू, डुमन ध्रुव, बीईओ मनीष ध्रुव, जीबीआर सीसी ठाकुर, वीरेंद्र साहू, देव, धीरज देवांगन प्राचार्य खैरझीटी व वीरेंद्र साहू पूर्व जन. उपा.,शा.प्र.समिति के अध्यक्ष उमेंदराम साहू, बेलौदी सरपंच कृष्ण कुमार पाल, घनश्याम साहू, प्यारी साहू, शिक्षकगण टीआर साहू, एसके साहू, सोफिया सैनिक, पी. कंवर, जितेंद्र साहू, खिलेश्वर कश्यप, टीके साहू, शैलेन्द्र पारिख, मनोज साहू, संकुल समन्वयक घनश्याम साहू, कोमेश साहू, डॉ.भूषणलाल चंद्राकर देवनाथ साहू, बलराम तारम, रामदयाल साहू, डॉ. आशीष नायक, कैलाशप्रसाद साहू, गेवावाराम नेताम समेत लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

अंचल की खबरें

सशिमं आमदी में गणतंत्र दिवस मनाया गया

आमदी(धमतरी)। सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमदी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, पूजन वंदन से हुआ। इसके बाद नगर भ्रमण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वामन साहू, अध्यक्ष राधेश्याम साहू, विशेष अतिथि नीलकंठ साहू, जीवनलाल पटेल, दिनेश साहू, दुष्यंत साहू, नेकराम पटेल, शिक्षण समिति के पदाधिकारी, प्राचार्य समेत स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

गण पर्व पर छात्रों ने दी राष्ट्रीय गीत, कविता की प्रस्तुति

डांडेसरा(धमतरी)। ग्राम डांडेसरा में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। महात्मा गांधी, भारतमाता, मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना की गई। ग्राम पंचायत भवन में सचिव, शासकीय प्राथमिक, नवीन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में प्रधानपाठक, आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्राम के स्तम्भ चौक, शीतला चौक, साहू भवन, अटल चौक में भी ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। छात्र एवं छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत, कविता प्रस्तुत की गई।

अकादमी के सदस्यों ने किया मार्चपास्ट

बगदेही(धमतरी)। डीजे ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू व्यायाम शिक्षक ने तिरंगा फहराया। अकादमी के सदस्यों द्वारा मार्चपास्ट प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक देवेंद्र साहू, सदस्य सौरभ, हिमांशु, वाशु, आशीष, कृष, देवेश, प्रशांत, मयंक, शेषनारायण, इश्हाक, जितेंद्र, छाया, विभा, दामिनी, नंदिनी, दिव्या, संजना, कुसुम उपस्थित थे। गुलशन साहू ने स्वतन्त्रता सेनानियों के बारे में जानकारी दी।

ध्वजारोहण के बाद हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांकरा। प्राथमिक शाला कोड़मुरपारा सांकरा में ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानपाठक श्री नागेश, रोहित साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष माखन लाल साहू, युवराज पटेल, बृजकिशोर ध्रुव, पुनम साहू, निरंजन ध्रुव, उमेश ध्रुव, केजु साहू, रूपलाल, होरीलाल, सुरूज मानिकपुरी, सरिता, मालती, केशव ध्रुव, नोहर सिन्हा समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

युवा मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

कुरूद। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला निर्वाचन धमतरी के योजना जाबो कार्यक्रम के लिए संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में स्वीप इकाई एवं रासेयो के संयुक्त आयोजन में डा. एके मिश्रा प्राचार्य द्वारा युवा मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मतदान के महत्व और स्वतंत्र निष्पक्ष तथा भयरहित मतदान के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया।

Pride of Dhamtari

चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरुद,नगरी,मगरलोड़,आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी 3X2 के 100 बैनर फ्री 05 नग प्रींट कस्टमाईज टी-शर्ट

19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी 4X2.5 के 100 बैनर फ्री 10 नग प्रींट कस्टमाईज टी-शर्ट

ITEM	SIZE	RATE	QTY
फ्लैक्स बोर्ड	4X2.5	150	प्रति नग
फ्लैक्स बोर्ड	3X5	220	प्रति नग
फ्लैक्स बोर्ड	3X6	270	प्रति नग
फ्लैक्स बोर्ड	3X8	500	प्रति नग
फ्लैक्स बोर्ड	3X10,3x9	650	प्रति नग
फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में	12X8	2000	प्रति नग
फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में	10X10	2200	प्रति नग
फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में	8X6	1200	प्रति नग

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है

21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी 5X3 के 100 बैनर फ्री 10 नग प्रींट कस्टमाईज टी-शर्ट

31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी 5X3 के 100 बैनर फ्री 10 नग प्रींट कस्टमाईज टी-शर्ट

कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ	6 FEET	900	प्रति नग
कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ	8 FEET	1500	प्रति नग
कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ	12 FEET	2400	प्रति नग
रैली तख्ती	3 FEET	200	प्रति नग
बैनर	5X3	115	प्रति नग
बैनर	6X3	130	प्रति नग
बैनर	8X5	300	प्रति नग
बैनर	10X10	700	प्रति नग
बैनर	20X10	1400	प्रति नग

हीरा आर्ट्स
सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें
93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरीं - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

अंचल की खबरें

जिला जेल में लहराया तिरंगा

धमतरी। जिला जेल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने ध्वजारोहण किया। सशस्त्र बल के जवानों ने तिरंगे झंडे को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद श्री डहरिया ने बंदियों को संबोधित किया और अच्छी राह पर चलने की समझाइश दी। इस दौरान जेल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

किसान यूनियन ने मनाया गणतंत्र दिवस



धमतरी। छत्तीसगढ़ किसान यूनियन द्वारा छाती नेशनल हाईवे किसान कार्यालय में किसान यूनियन के प्रदेश संयोजक लीलाराम साहू के आतिथ्य में झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष घनाराम साहू, सुदर्शन ठाकुर, रघुनाथ साहू, रामनिहोरा निषाद, दीनदयाल साहू, हनुमान सिन्हा, पुष्कर साहू उपस्थित थे।

आयुक्त ने नगर निगम कार्यालय में किया ध्वजारोहण

धमतरी। नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर निगम कार्यालय में आयुक्त प्रिया गोयल एवं जयस्तंभ चौक में उपायुक्त पीसी सार्वा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। देश की आजादी में वीर शहीदों की शहादत को स्मरण किया गया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी समेत शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मां कालिका चौक में हुआ ध्वजारोहण

धमतरी। गणतंत्र दिवस पर मां कालिका चौक सिहावा रोड धमतरी में कालिका मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में विजय शर्मा, विष्णु ध्रुव, विकास नाग, द्वारिका निषाद, शीतूराम पटेल, तीजूराम ढीमर, राजेश साहू, बबलू साहू, संतोष पटेल, सुरेश पटेल, रितेश फुटान, उमेश बेर, हेमंत साहू, आकाश नाग, लल्ला ढीमर, अमन नाग, विपिन पटेल उपस्थित थे।

सेजेस कंडेल के छात्रों ने निकाली प्रभातफेरी

धमतरी। आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में गणतंत्र दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। ध्वजारोहण पश्चात मार्चपास्ट करते हुए प्रभातफेरी गांधी चौक, श्रीवास्तव चौक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए गगनभेदी नारों तथा देश भक्ति गीत के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंची। गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य रविशदास, प्राध्यापकगण, विद्यालय के प्राचार्य राहुल नेताम व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बीईओ कार्यालय में लहराया तिरंगा

धमतरी। कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। बीईओ अमित तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया किया। इस अवसर पर एबीईओ कमलेश कुमार ध्रुव, प्राचार्य अमिता ध्रुव, चन्द्रप्रकाश नेताम, संतोष कुमार ध्रुव, लोकेश कुमार बाघमार, ताम्रध्वज गौतम, नन्द किशोर यादव, मीनाक्षी देवांगन, सीमा बंजारे, प्रवीण कुमार वैद्य, विजेता रकटाटे, दिव्या ध्रुव, रूपेन्द्र कुमार नेताम, महेश सिन्हा, नवीन कुमार उपस्थित थे।

खरेंगा स्कूल में प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण

धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में प्राचार्य श्रीमती अनीता वैद्य ने ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर शेषनारायण गजेंद्र कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, वीरेंद्र यादव, प्रभुलाल सिन्हा, नीतू शर्मा, मनेश्वरी वर्मा, अंशिता पचौरी, लेखनी साहू, मिथिलेश कुमार रत्नाकर, कैलाश सिन्हा, मनोज साहू, दीपक निषाद, उमेश सिंह उइके समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार सोनकर, किरण निषाद, पुरुषोत्तम ने किया।

व्यवस्था की खुली पोल : स्टेक बनाने पर्याप्त भूसा नहीं, हमाल-रेजा को 9 लाख मजदूरी भी नहीं मिली

भाठागांव संग्रहण केंद्र में स्टेक नहीं, एनएच पर 9 दिन से खड़े हैं धान से भरे 200 ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

धमतरी जिले के धान संग्रहण केंद्र भाठागांव में स्टेक नहीं होने से शासन-प्रशासन की आधी-अधूरी व्यवस्था की पोल खुल गई है। धान खाली करने बीते 9 दिनों से नेशनल हाईवे 30 पर करीब डेढ़ किमी तक धान की बोरियों से लदे 200 ट्रकों की लाइन लगी हुई है। बताया जा रहा है कि संग्रहण केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में भूसा, खाली बोरी न होने से यह स्थिति बनी है। इसके बिना धान रखने के लिए स्टेक नहीं बन पा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को अनलोडिंग करने विभिन्न जिलों से भाठागांव संग्रहण केंद्र पहुंचे सैकड़ों ट्रकें 9 दिनों से नेशनल हाईवे में खड़े हैं। जिससे न केवल दुर्घटना हो रही है, बल्कि चालकों और उसके हेल्परों को खाने-पीने के लाले पड़ गए हैं। ट्रकों से धान की बोरियां चोरी हो रही हैं। इस गम्भीर समस्या को सुलझाने न तो मार्कफ़ेड के अधिकारी दिलचस्पी दिखा रहे हैं और न ही भूसा उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार। इस स्थिति में वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है।

बता दें कि राज्य सरकार धान की कस्टम मिलिंग हेतु छग राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित शाखा रायपुर द्वारा धमतरी जिला में निर्धारित भोयना, भाठागांव और चिटौद पुरूर धान संग्रहण केंद्रों में भंडारण किया जा रहा है। जिसमें भोयना और चिटौद केंद्रों में भंडारण पूरा हो चुका है। अब भाठागांव स्थित केंद्र क्रमांक 1 के बाद बगौद रोड में फड़ क्रमांक 2 में भंडारण किया जा रहा है, लेकिन हप्तेभर से धान खाली नहीं हो रहा है।

अन्य जिलों के विभिन्न उपार्जन केंद्रों से लाया जा रहा धान

भाठागांव भंडारण केंद्र में 4 जिलों राजनांदगांव, कांकेर, अम्बागढ़ चौकी और मोहला मानपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के कापसी, बांदे, पखांजूर, भानुप्रतापपुर, बड़गांव, धनोरा केशकाल, बेड़मा, कोयलीबेड़ा, उदनपुर, सम्बलपुर में बनाए गए सोसायटियों के धान खरीदी केंद्रों से कस्टम मिलिंग के लिए शासन के निर्देश पर उपज को लेकर मण्डारण करने यहां लाया जा रहा है जिसे खाली करने जिले के मार्कफेड ने समुचित व्यवस्था नहीं कर पाया है। जिससे यह स्थिति निर्मित हुई है।

स्टेकिंग के लिए भूसा व हमाल-मजदूरों का भुगतान नहीं

भाठागांव संग्रहण केंद्र के प्रभारी शिवकुमार ध्रुव ने बताया कि भूसे के अभाव में स्टेकिंग नहीं हो रहा है। मार्कफेड के अधिकारियों एवं भूसा उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार को कई बार अवगत करा चुके हैं किंतु समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। हमाल ठेकेदार दशरथ साहू ने बताया कि अगर भूसा की व्यवस्था हो भी जाएगी तो भी ट्रक खाली और स्टेकिंग करने वाले रेजा-हमाल काम नहीं करेंगे। हमालों का 7 लाख 50 हजार रुपए और रेजाओं का 1 लाख 42 हजार रुपये का भुगतान बकाया है। जिसका हमाली ठेकेदार कुरूद के हर्षित अग्रवाल हैं। वहीं भूसा ठेकेदार गुंडरदेही के राजेन्द्र जैन हैं जिन्होंने यह भुगतान नहीं किया है। इसका खामियाजा हमालों, रेजाओं, ट्रक चालकों, हेल्परों को भुगतना पड़ रहा है।

ट्रक चालकों और हेल्परों को हो रही परेशानी

धान भंडारण केंद्र में उपज खाली नहीं होने से 9 दिनों से सड़कों में दिन-रात गुजार रहे सैकड़ों ट्रक चालकों और हेल्परों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वे लोग पिछले 9 दिनों से भाठागांव धान संग्रहण केंद्र में डेढ़ से दो सौ किमी की दूरी से सरकार द्वारा खरीदे गए उपज को लेकर भण्डारण के लिए यहां लेकर आए हैं। लेकिन स्टेकिंग नहीं होने से उनके ट्रकों में भरे धान को खाली नहीं कराया जा रहा है। जिससे घर परिवार छोड़कर सड़कों पर ही रात गुजारनी पड़ रही है। राशन पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऊपर से रात के अंधेरे में ट्रकों में भरी धान की बोरियां भी चोरी हो रही हैं।

एक साथ 200 ट्रक आए इसलिए लंबी लाइन

भाठागांव संग्रहण केंद्र में धान अनलोडिंग के लिए 4 जिलों के उपार्जन केंद्रों से एक साथ 200 ट्रक आ गए हैं इसलिए लंबी लाइन दिख रही है। दो दिन शासकीय अवकाश होने के कारण स्टेकिंग व अनलोडिंग का काम नहीं हुआ जिसे मंगलवार से शुरू करवा दिया गया है। प्रतिदिन 50 गाड़ी अनलोडिंग की क्षमता है जिसके लिए पर्याप्त स्टेकिंग हैं। रही बात हमाल-रेजा, मजदूरों के भुगतान की तो दो दिन के भीतर वह भी हो जायेगा। अव्यवस्था जैसी स्थिति हम पैदा नहीं होने देंगे।

- सुनील सिंह राजपूत, *डीएमओ*

अध्यक्ष पद के लिए 7 व पार्षद के लिए कुल 42 नामांकन हुए दाखिल

- शक्ति प्रदर्शन किया : सांसद प्रतिनिधि को भाजपा से नहीं मिला टिकट फिर बागी होकर भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भाजपा के टिकट वितरण के पूर्व नगर पंचायत कुरूद के सांसद प्रतिनिधि, भाजपा से पूर्व पार्षद व संगठन के पदाधिकारी मूलचंद सिन्हा एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अनुराग चन्द्राकर ने नामांकन खरीदा था जिससे पार्टी में हलचल मच गई थी। लेकिन अनुराग ने अंतिम दिवस तक अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। किन्तु मूलचंद सिन्हा ने शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन दाखिल कर दिया।

मंगलवार को टिकट नहीं मिलने से नाराज सिन्हा ने बाजे- गाजे के साथ रैली निकालकर नाम निर्देशन पत्र जमा किया। उनके इस बगावती तेवर को लेकर नगर व पार्टी के भीतर जमकर चर्चा हो रही है। अब उनके नाम वापसी का इंतजार है। इस बारे में मूलचंद का कहना है कि वे भाजपा के हैं और भाजपा के रहेंगे। नाम वापसी के संदर्भ में कहा कि समय आने पर उचित निर्णय लेंगे। हालांकि इन्हें मनाने पार्टी नेताओं द्वारा लगातार बातचीत जारी है। वहीं अनुराग चंद्राकर ने सिर्फ फार्म खरीदने में लाव लश्कर दिखा हलचल पैदा कर दी थी जिसके नामांकन दाखिल नहीं करने से उनकी मांग पूरी हो जाने या पार्टी को समर्थन देने की बात हो रही है। वहीं अंतिम दिवस आम आदमी पार्टी के विनोद सचदेवा ने अध्यक्ष पद के लिए आतिशबाजी के साथ अपना नामांकन पत्र भर रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा किया है।

कांग्रेस ने अब तक प्रस्तुत नहीं किये बी-फार्म

नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिवस दोपहर 3 बजे के बाद कुल प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों अनुसार अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से ज्योति चंद्राकर एवं भानु चंद्राकर, कांग्रेस से संजय तपन चंद्राकर, यमुना कंवर, योगेश चंद्राकर, आम आदमी पार्टी से विनोद कुमार सचदेवा एवं मूलचंद सिन्हा ने निर्दलीय रूप में पर्चा दाखिल किया है। अब तक भाजपा से 15, कांग्रेस से 17 एवं 10 अभ्यर्थियों ने निर्दलीय के रूप में नाम निर्देशन पत्र जमा किया। मिली जानकारी अनुसार भाजपा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों ने अपने नाम-निर्देशन पत्र के साथ पार्टी द्वारा दिए जाने वाले बी-फार्म संलग्न कर अधिकृत होने का प्रमाण प्रस्तुत कर दिया है लेकिन कांग्रेस से अब तक बी-फार्म जमा नहीं किये जाने की बात सहायक रिटर्निंग आफिसर ने दी है। यदि निर्धारित समय में उनके द्वारा पार्टी द्वारा जारी किए गए बी-फार्म प्रस्तुत नहीं किया जाता तो वे भी निर्दलीय प्रत्याशियों की गिनती में गिने जाएंगे।

कांग्रेस प्रत्याशियों ने बाजे-गाजे के साथ भरा नामांकन

निकाय चुनाव
अध्यक्ष पद के लिए तपन के साथ पूर्व 11 पार्षदों पर भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कांग्रेस पार्टी ने नगर पंचायत कुरुद में अध्यक्ष पद के लिए इस बार भी संजय तपन चन्द्राकर के साथ फिर से पूर्व 11 पार्षदों पर भरोसा जताते हुए टिकट दिया है। नामों की घोषणा पश्चात आधी रात तैयारी कर अंतिम दिवस कांग्रेस प्रत्याशियों ने पार्टी नेताओं की अगुवाई में बाजे-गाजे के साथ नामांकन दाखिल किया।

मंगलवार को नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तपन चंद्राकर एवं 15 वार्डों के पार्षद अभ्यर्थी क्रमांक 1 से उत्तम साहू, वार्ड 2 से डुमेश साहू, वार्ड 3 से रजत चन्द्राकर, वार्ड 4 से रोशन जांगड़े, वार्ड 5 से दिवाकर चन्द्राकर, वार्ड 6 से राघवेन्द्र सोनी, वार्ड 7 से उर्वशी चन्द्रकार, वार्ड 8 से योगेश चन्द्राकर, वार्ड 9 से बसंत साहू, वार्ड 10 से अर्जुन ध्रुव, वार्ड 11 से राजकुमारी कंवर, वार्ड 12 से राखी चन्द्राकर, वार्ड 13 से देवव्रत साहू, वार्ड 14 से मनीष साहू, वार्ड 15 से मंजू साहू ने निर्वाचन अधिकारी बेरनादत्त एक्का, महेन्द्रराज गुप्ता के समक्ष नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर निकाली रैली

इससे पूर्व चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी कांग्रेस प्रत्याशियों ने बाजे-गाजे के साथ नामांकन रैली निकाल अपनी ताकत दिखाई। इस मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, राजकुमारी दीवान, प्रहलाद चन्द्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, जिला पंचायत सभापति तारणी चन्द्राकर, रमेश्वर साहू, गीताराम सिन्हा, आशीष शर्मा, महिम शुक्ला, तुकेश साहू उपस्थित थे।

टिकट वितरण में कांग्रेस हमेशा रहती है पीछे

गौरतलब है कि टिकट वितरण के मामले में कांग्रेस पार्टी कुरुद विधानसभा में हमेशा ही पीछे रही है। इस बार भी नामांकन दाखिल के अंतिम दिवस के पूर्व रात्रि ही अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा की। जब उन्होंने केवल सिर्फ 5 नये चेहरे को ही मौका दिया है तो नाम की घोषणा करने में विलंब नहीं करना चाहिए था। नाम की घोषणा सोमवार रात को जारी की गई। बताया जाता है कि तपन के नाम को लेकर भारी विरोध हुआ जिससे कुछ मर्तबा तीसरे नाम पर भी विचार करने की नौबत आ गई थी। लेकिन अंतिम समय में काफी उठापटक के साथ बाद कांग्रेस नेताओं ने अंततः अध्यक्ष पद प्रत्याशी हेतु तपन चन्द्राकर के नाम पर मुहर लगाई और पार्षद उम्मीदवारों के साथ टिकट की घोषणा की।

नामांकन के अंतिम दिन महापौर के एक तथा पार्षद के लिए 17 ने खरीदा फार्म, जमा देर रात तक हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी खरीदा फार्म

नामांकन फार्म खरीदने और जमा करने की अंतिम तिथि मंगलवार को महापौर के लिए 1 तथा पार्षद पद के लिए 17 लोगों ने फार्म खरीदा । फार्म खरीदने के बाद रिटर्निंग आफिसर के पास जमा करने का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि 10 बजे तक चलता रहा। आखिरी दिन होने के कारण निगम दफ्तर के सभी 6 काउंटर में भारी भीड़ रही। निगम में मेला सा माहौल था। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जमकर नामांकन फार्म खरीदा और जमा किया। मंगलवार को महापौर पद के लिए अवैश हाशमी नवागांव वार्ड ने नामांकन फार्म खरीदा। इसी तरह पार्षद पद के लिए अमित कुमार रामसागरपारा, किरण ध्रुव शीतलापारा वार्ड, विनोद पांडेय सदर दक्षिण, प्रकाश मरोठे जालमपुर वार्ड, संगीता जगताप मराठापारा, धर्मिन जोशी साल्हेवारपारा, भुनेश्वरी पटेल वार्ड, उमा पटेल सुंदरगंज वार्ड, पवन लिखी रिसाईपारा पश्चिम वार्ड, वाहिदा खोखर सुंदरगंज वार्ड, अमरीका चंद्रवंशी मकेश्वर वार्ड, आरामिश हाशमी नवागांव वार्ड, दुष्यंत राव मराठापारा वार्ड, शशि बाई साहू मकेश्वर वार्ड, दुष्यंत घोरपड़े मराठापारा, जितेन्द्र भाटिया ब्राम्हणपारा, शेख जावेद रिसाईपारा पूर्व ने फार्म खरीदा। समाचार लिखे जाने तक महापौर प्रत्याशी भाजपा से जगदीश रामू रोहरा, कांग्रेस से विजय गोलछा, समाजवादी पार्टी से फिरोज खरन, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से महेश कुमार साहू, हमर राज पार्टी से महेश रावटे के अलावा रूपा नागदेवे, सरिता असाई, रंजीत छाबड़ा, अवैश हाशमी ने नामांकन जमा किया। नामांकन जमा करने का सिलसिला रात्रि 10 बजे तक चलता रहा।

विजय ने चुनाव लड़ने में असमर्थता व्यक्त की

आमापारा वार्ड से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी विजय पटेल ने मीना बैगा नाग को समर्थन देते हुए अपना नाम वापस लिया। अंतिम समय में कांग्रेस ने पूर्व पार्षद मीना बैगा नाग को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया।

कांग्रेस ने 17 और भाजपा ने 13 महिलाओं को बनाया प्रत्याशी

नगर पालिक निगम चुनाव में पार्षद पद के लिए कांग्रेस पार्टी ने 17 महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने 13 महिलाओं को अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है। अब नामांकन के बाद बुधवार को नाम वापसी है। गुरूवार को स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि वार्डों में घमासान किसके-किसके बीच होगा। बहरहाल नामांकन जमा करने के बाद सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं।

कांग्रेसियों ने नामांकन रैली के बहाने किया शक्ति प्रदर्शन

- अध्यक्ष प्रत्याशी पेमन सहित 15 वार्ड पार्षदों ने भरा नामांकन पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत चुनाव के तहत कांग्रेस ने नगर में भव्य रैली निकाली। अध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशी पेमन स्वणबेर सहित 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन फार्म भरा। इस रैली में सैकड़ों कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और आम मतदाताओं की भागीदारी ने नगर का माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। रैली की शुरुआत नगर के प्रमुख चौक राजा बाड़ा दन्तेश्वरी मंदिर पूजा अर्चना से हुई।

बाजे-गाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लहराते और नारे लगाते हुए निकले। रैली में हर उम्र के लोगों की उपस्थिति ने कांग्रेस की जनसमर्थन शक्ति को दर्शाया। अध्यक्ष पद प्रत्याशी पेमन स्वणबेर ने नामांकन के बाद कहा कि यह चुनाव केवल विकास की बात करने वालों और विकास करने वालों के बीच का है।

उन्होंने जनता से अपील की कि वे कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देकर विकास के कार्यों को आगे बढ़ाएं। नामांकन के समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे। कांग्रेस की इस शक्ति प्रदर्शन रैली और नामांकन प्रक्रिया ने नगर के चुनावी माहौल को और गर्माहट कर दिया।

नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कांग्रेस उम्मीदवार नपं नगरी अध्यक्ष प्रत्याशी पेमन स्वणबेर सहित वार्ड क्रमांक 1 बबीता केसरिया, 2 बलराम कुंजाम, 3 से मिक्की गुप्ता, 4 से नरेश पटेल, 5 से नीलू छदैहा, 6 जसवंत खनूजा, 7 से निशा यादव, 8 से टुकेश्वरी साहू, 9 से अमृता लाहौरिया, 10 से संगीता साहू, 11 से भैरवचंद देवांगन, 12 से शैल्याबाई नेताम, 13 से बीरेंद्र साहू, 14 से अरूण सोम, 15 से होरीलाल पटेल ने एसडीएम कार्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर के पास नामांकन पत्र दाखिल किया।

नगर के लोगों में इस रैली को लेकर काफी चर्चा है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि चुनावी समीकरण किस ओर रुख करता है।

इस नामांकन रैली में प्रमुख रूप से विधायक सिहावा अंबिका मरकाम, भनेंद्र ठाकुर, कैलाश प्रजापति, सचिन भंसाली, प्रमोद कुंजाम, प्रफुल्ल अमतिया, भरत निर्मलकर, सोहन चतुर्वेदी, रवि ठाकुर, टेश्वर ध्रुव, अनवर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग लिमतरा में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जेएस मसीह ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

उमरगांव में शान से लहराया तिरंगा

नगरी। ग्राम उमरगांव के चौक चौराहों, स्कूल एवं ग्राम पंचायत में तिरंगा झंडा फहराया गया और राष्ट्रगान गाकर झंडे को सलामी दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। गीत गाकर नारे लगाए गए।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)

उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति इत्यादि।

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र

(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)

क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

सेमरा में आज फूल मड़ई

नगरी। ग्राम सेमरा में आज राज राजेश्वरी शीतला की फूल मड़ई होगी। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में बड़ेपारा सेमरा दुर्गा प्रांगण में मावलीभाठा ओडिशा का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। डीहीपारा सेमरा में सप्त ऋषि के छांव नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है।

जिला अस्पताल साईं मंदिर में स्थापना दिवस कल

धमतरी। इस वर्ष भी जिला चिकित्सालय परिसर स्थित श्री साईं बाबा मंदिर में साईंबाबा का स्थापना दिवस समारोह 30 जनवरी को मनाया जाएगा। गुरुवार की सुबह अभिषेक, पूजा, हवन तथा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक महाप्रसादी का वितरण होगा। रात्रि में रामधुनी का आयोजन किया गया है। ओमश्री साईं सेवा समिति ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

सलोनी में कबीर सत्संग 29 से

कुकरेल(धमतरी)। ग्राम सलोनी के बाजार चौक में 29 एवं 30 जनवरी को दो दिवसीय कबीर सत्संग व प्रवचन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 1:30 एवं 3 बजे से शाम 6 तक तक रखा गया है। प्रवक्ता संत अनिल साहेब कबीर आश्रम संकरी कोरासी और संत यतीन्द्र साहेब नागपुर महाराष्ट्र होंगे। यह जानकारी भगवानदीन साहू, रोहित साहू, सोमन साहू ने दी है।

बलभद्रपुर में बच्चों ने पी विटामिन ए की दवा

नगरी। शिशु संरक्षण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बलभद्रपुर में 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई गई। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर डीएन साहू, एएनएम हुमेश्वरी साहू, मितानिन व शिशुवती माताएं उपस्थित थीं।

जिलाधीश ने किया वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

धमतरी। जिलाधीश नम्रता गांधी ने गणतंत्र दिवस पर राज्य कर्मचारी संघ जिला धमतरी के वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन किया। मौके पर खुमान सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव देवनारायण साहू, जिला अध्यक्ष हीरालाल पनिका, सचिव शंकरलाल गहरवार समेत राज्य कर्मचारी संघ के प्रमुख कर्मचारी नेता उपस्थित थे।

ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगे जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

सिर के नीचे टिकाई राइफल और दबा दिया ट्रिगर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम में एक आरक्षक ने खुद की राइफल से अपने सिर में गोली मार ली। गोली सिर को छेदते हुए उपर छत से जा टकराई। गोली की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छत में बड़ा सा छेद हो गया। इस घटना से पूरे कलेक्टोरेट और कम्पोजिट बिल्डिंग में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार आरक्षक सालिक राम पात्रे उम्र 40 साल पिता राधेलाल पात्रे की ड्यूटी स्थानीय निर्वाचन के स्ट्रांग रूम में लगी थी। उनके सहित सुरक्षा में 1-4 का गार्ड तैनात था। मंगलवार को स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों की छंटाई चल रही थी, जिसमें नगर पंचायतों व नगर निगम के लिए ईवीएम का चिन्हांकन किया जा रहा था। स्ट्रांग रूम में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति दुर्गम के साथ करीब 15 कर्मचारी उपस्थित थे। लंच टाइम होने पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अधिकांश कर्मचारी चले गए। कुछ वहीं पर काम करते हुए नाश्ता मंगाने की तैयारी में थी। करीब सवा 3 बजे आरक्षक सालिक राम ने गार्ड रूम अपने आपको गोली मार ली। गोली की आवाज कम्पोजिट बिल्डिंग तक पहुंची। आवाज सुनकर स्ट्रांग रूम में तैनात कर्मचारियों ने जब गार्ड रूम देखा तो वे दहशत में आ गए। ड्यूटी में तैनात अन्य पुलिस जवानों के साथ अधिकारियों को सूचना दी गई। कलेक्टर नम्रता गांधी सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घटना की जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया। पंचनामा और फोरेंसिक जांच के बाद आरक्षक को शव को जिला अस्पताल के मच्युरी में शिफ्ट कर दिया गया है।

तनाव झेल रहा था

आरक्षक ने किस वजह से आत्महत्या की यह अज्ञात है, परंतु सूत्र बताते हैं कि वह कुछ दिन से मानसिक रूप से परेशान था। आचरण से आरक्षक मिलनसार और हंसमुख था। मोबाइल की जांच, फोरेंसिक जांच सहित अन्य जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। डीएसपी मीना साहू ने बताया कि आरक्षक की मौत की सूचना परिजनों को दे दी गई है। शाम तक परिजन भी पहुंच गए थे।

एक राउंड चली थी गोली

घटना स्थल की पूरी जांच, पंचनामा आदि के बाद घटना में प्रयुक्त इंसास राइफल की जांच की गई। आसपास जमा भीड़ को हटाकर राइफल को गार्ड रूम से बाहर निकाला गया। सावधानी के साथ इसकी जांच की गई, फिर राइफल का मैगजिन खाली किया गया। इसके बाद इसे अनलोड किया गया जिसमें एक भी गोली नहीं चली। बताया गया कि राइफल से सिर्फ एक गोली ही चली है, जिससे आरक्षक की मृत्यु हुई है। जांच के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम, सीएमएओ यूएल कौशिक, तहसीलदार सूरज बंछोर, टीआई अमित बघेल, डीएसपी मीना साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कबीरधाम का रहने वाला था जवान

आरक्षक सालिकराम दशरंगपुर, थाना पांडातराई, जिला कबीरधाम का रहने वाला था। वह 2008 बैच का पुलिस जवान था। धमतरी में वह नगरी सहित अन्य क्षेत्र में ड्यूटी दे चुका था। वर्तमान में लाइन में पदस्थ था, जिसकी ड्यूटी 19 जनवरी से स्ट्रांगरूम की सुरक्षा के लिए लगाई गई थी। बताया गया है कि करीब 3 बजे वह ड्यूटी पर आया और मोबाइल से बात कर रहा था। इसके बाद वह गार्ड रूम में गया और पलंग पर बैठे-बैठे खुद के सिर के निचले हिस्से में इंसास राइफल को टिकाया और ट्रिगर दबा दिया। गोली सिर के आरपार हो गई। गोली लगते ही वह पलंग से गिर गया। किसी को कुछ समझ में आता इससे पहले ही आरक्षक की मौत हो गई थी।

पहले दिन हजारों लोगों ने दी यज्ञ में आहुति

- मां मातंगी दिव्यधाम जीजामगांव अभनपुर में आयोजित मां बगलामुखी महायज्ञ में देश-विदेश से भक्त पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मां मातंगी दिव्यधाम जीजामगांव अभनपुर में 27 से 29 जनवरी तक आयोजित मां बगलामुखी महायज्ञ में देश- विदेश से भक्तों का आना जारी है। नागा साधुओं की मौजूदगी इस महायज्ञ की दिव्यता एवं भव्यता में चार चांद लग रही है। लगातार नागा साधुओं का इस बगलामुखी महायज में सम्मिलित होना इस बात का प्रमाण है कि नागा साधुओं को स्वयं मां बगलामुखी ने यज्ञ में आहुति देने के लिए बुलाया है। मां मातंगी दिव्य धाम में आयोजित मां बगलामुखी महायज के पहले दिन 27 जनवरी को हजारों लोगों ने महायज्ञ में आहुति देकर अपने जीवन को सफल बनाया। मां मातंगी दिव्य धाम में लगातार चमत्कार होते हैं। विदेशों से भी लगातार भक्त धाम के चमत्कार को महसूस करते हैं। धाम में उपस्थित दो भक्तों ने चमत्कार को बताया। बिहार से आई से मौसमी महज 10 साल की है। 3 साल पहले अचानक दोनों पैर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद कर दिया। 2 साल पहले बच्ची धाम में आई और अब बिल्कुल ठीक है। वहीं भूरू शेख महाराष्ट्र से हैं, जिनकी आर्थिक और मानसिक स्थिति काफी खराब थी। धाम से जुड़ने के बाद फिलहाल उनकी हर समस्या दूर हो चुकी है।

मां मातंगी दिव्य धाम अनोखा गौशाला है। इस धाम में भारत से विलुप्त होती विभिन्न प्रजातियों की गायों को संरक्षित किया जा रहा है। मां मातंगी दिव्यधाम अपनी अलौकिक ऊर्जा एवं शक्ति के लिए विश्व विख्यात है। इस धाम के पीठाधीश्वर डॉ प्रेमा साई महाराज भक्तों की समस्या को दिव्य चमत्कारी पर्चे पर लिखकर दूर करते हैं। मां मातंगी दिव्यधाम अलौकिक शक्ति का दिव्य दरबार है। 10 महाविद्या में से तीन महाविद्या मां मातंगी मां बगलामुखी मां छिन्नमस्ता के उपासक पीठाधीश्वर प्रेमा साई महाराज को प्राप्त है। इस धाम में अस्थमा का निःशुल्क इलाज धुएं से किया जाता है। इस धाम में अस्थमा की जो दवा देने की परंपरा है, उसके मुताबिक तीन दिन में तीन डोज और फिर अस्थमा आजीवन के लिए खत्म हो जाता है।

वाट्सएप, फेसबुक सहित अन्य सोशल साइट्स पर प्रत्याशी जमकर कर रहे प्रचार

सोशल मीडिया बना चुनाव प्रचार का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निगम चुनाव को लेकर स्थिति क्लियर होती जा रही है। प्रत्याशी अभी से चुनाव प्रचार के मैदान में उतर गए हैं। वाट्सएप, फेसबुक सहित अन्य सोशल साइट्स पर वे जमकर प्रचार कर रहे हैं। शादी ब्याह की पार्टियों में भी वे प्रचार के लिए पहुंच रहे हैं। उधर एमसीएमसी टीम अभी तक गठित नहीं हुई है, जिसके चलते इस प्रकार के चुनाव प्रचार पर किसी प्रकार की रोक नहीं है।

नगर निगम और जिले की सभी पांच नगर पंचायतों में चुनावी खुमारी छाई हुई है। दोनों ही लीड पार्टी ने अपने- अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। इसके साथ चुनाव प्रचार के लिए सोशल मीडिया वार शुरू हो गया है। चुनाव प्रचार का दौर तो आचार संहिता लगने से पहले ही शुरू हो गया था। संभावित प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे थे। अब नाम की घोषणा होने के बाद वे खुलकर मैदान में उतर आए हैं। खुलकर वे सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। कोई शार्ट वीडियो बनाकर मतदाताओं को रिझाने की कोशिश में लगा हुआ है तो कोई पुराने कार्यकाल में हुई गलती, खामियों को या उपलब्धियों को गिनाकर। सुबह से प्रत्याशी प्रचार अभियान में जुट रहे हैं। दिनभर लोगों से मेल मुलाकात, लोगों की मदद करना, सोशल साइट्स पर बधाई, शुभकामनाएं, शोक जैसे एक्टिविटी में लगे हुए हैं।

एमसीएमसी गठन का इंतजार

चुनाव प्रचार, चुनावी खर्चे सहित प्रत्याशियों की अन्य एक्टिविटी पर नजर रखने के लिए चुनाव आयोग द्वारा एमसीएमसी का गठन किया जाता है। यही टीम कई माध्यमों से प्रत्याशियों के प्रचार और खर्चों पर नजर रखती है। अभी तक नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए इस टीम का गठन नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार नामांकन वापसी और प्रत्याशियों का नाम फाइनल होने के बाद इस टीम को एक्टिव किया जाएगा, तब तक चुनाव प्रचार पर किसी प्रकार की रोक लगने की संभावना नहीं है।

तम्बाकू बेचने पर 10 दुकानों पर हुई कार्रवाई

धमतरी। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में तम्बाकू बेचने वालों और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में प्रवर्तन दल के ड्रग इंस्पेक्टर संदीप सूर्यवंशी, ड्रग इंस्पेक्टर निकिता श्रीवास्तव ने मुजगहन मिडिल स्कूल, रत्नाबांधा चौक, कॉलेज मोड़ और अन्य स्कूलों के आसपास और 100 मीटर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के तम्बाकू बिक्री करने वाले दुकानों में कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले एक व्यक्ति सहित नियमों का उल्लंघन करने वाले पान दुकान, जनरल स्टोर, टी स्टॉल, किराना दुकान में तम्बाकू नियंत्रण बोर्ड लगाने की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गुटखा, तम्बाकू न बेचने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान दल द्वारा 10 दुकानों पर 410 रुपए का जुर्माना किया गया।

ग्राम भानपुरी की घटना

छत पर मिले युवक के शव की हुई पहचान

धमतरी। ईंटभट्ठा में स्थित सूने मकान की छत पर मिले युवक के शव की पहचान कर ली गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरी के आमदी रोड स्थित ईंटभट्ठा में बने पक्के मकान की छत पर सोमवार को कुछ लोगों ने एक अज्ञात युवक की सड़ी-गली लाश देखी थी। सूचना पर अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव की शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। देर शाम तक मृतक की पहचान गौकरण विश्वकर्मा पिता महतेरूराम उम्र 29 वर्ष ग्राम भानपुरी थाना अर्जुनी निवासी के रूप में की गई। शव को जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी में रखा गया था। मंगलवार को ग्रामीणों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कर उनके सुपुर्द कर दिया गया। बताया जाता है कि मृतक रोजी मजदूरी करता था। वह शराब पीने का आदी था। परिवार में मां के अतिरिक्त कोई नहीं है। कुछ दिन पहले युवक ने मां को भी वृद्धाश्रम भेज दिया था। उसके बाद से युवक अपने झोपड़ीनुमा घर में अकेला रह रहा था। मंगलवार को ईंटभट्ठा के पास स्थित खेत में लगी चना फसल की सिंचाई करने गया एक युवक उक्त मकान की खुली सीढ़ी में चढ़ा था तभी उसे छत में सड़ी गली लाश दिखने पर घटना की जानकारी हुई थी। शव का 10 से 12 दिन पुराना होने का अनुमान लगाया गया है।

जहर सेवन कर युवती ने की आत्महत्या

धमतरी। अज्ञात कारणों से एक युवती ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार शिवाजंलि साहू पिता कपिलराम उम्र 26 वर्ष ग्राम रीवांगहन थाना जीजामगांव आर निवासी ने 12वीं तक पढ़ने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। पिछले 4-5 वर्षों से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिला अस्पताल के मनोरोग विभाग में उसका उपचार चल रहा था। रविवार को युवती अपने पिता के साथ बुआ के घर ग्राम भठेली भखारा आई थी। सोमवार की रात्रि सभी लोग खाना खाकर घर में बैठे थे। इसी दौरान युवती ने परिजनों से मस्तक घूम रहा है, जीना पसंद नहीं आ रहा है, की बात कही। कुछ देर बाद परिवार के लोग सो गए। देर रात्रि युवती के उल्टी करने पर पिता को जहर सेवन करने की जानकारी हुई। युवती को उपचार के लिए तत्काल मरकाम अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान युवती की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

पंचायत भवन में सरपंच-सचिव ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

पंचायत भवन सिर्री में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता और महात्मा गांधी के छायाचित्र पर गुलाल लगाकर पुष्प हार अर्पित कर पूजन किया गया। पंचायत भवन में सरपंच अमरजीतसिंह गुरुदत्ता एवं सचिव रेखराम साहू ने ध्वजारोहण किया। मौके पर हृदय देवांगन, चंद्रभान पटेल, सरस्वती ध्रुव, अक्तूराम साहू, हीरालाल साहू, खिलेश साहू, संजीव साहू, राधेरमन साहू, मनमोहन मनहर, धनेश्वरी यादव, मीना ध्रुव, राधिका ध्रुव, लेखराम घृतलहरे, हिरऊदास मानिकपुरी, लेखराम कंडरा, मनीष कंडरा, हुमन यादव, पवन सिन्हा, गुहाराम सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।